:: आदेश ::

अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 ऊखीमठ के द्वारा अपने पत्रांक 3020/13 सी दिनांक 25.09.2020 से राउलैंक से मोहननगर – जग्गी बगवान तक मोटर मार्ग हेतु 2.126हे0 वन भूमि की सैद्धान्तिक स्वीकृति शासनादेश संख्या–872/X–4–16/1(268)/2016 दिनांक 12.08.2016 से प्राप्त होने पर शासनादेश में उल्लिखित बिन्दुओं/प्रतिबन्धों के तहत 4.252हे0 भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त पत्र के कम में तहसीलदार ऊखीमठ ने अपने पत्र संख्या– 1450/र0का0–क्षति0 पू0भू0वृ0/(2020–21) दिनांक 06 मार्च, 2021 से ग्राम जग्गी बगवान के ज0वि0र0 खतौनी खाता सं0–36 के खसरा नम्बर 2244 कुल रकवा 1.635 हे0 मध्ये 1.635 हे0, खसरा नम्बर 2246 कुल रकवा 1.348 हे0 मध्ये 1.341 हे0, खसरा नम्बर 2270 कुल रकवा 3.684 हे0 मध्ये 1.276 हे0 कुल रकवा 4.252 हे0 भूमि प्रस्तावित की है। उक्त भूमि श्रेणी 10 (4) (राज्य सरकार की भूमि) अन्य कारणों से अकृषित भूमि भीटा में दर्ज अभिलेख है।

अतः शासनादेश संख्या– 2173/XVIII(II)/2012-18(120)/2010 राजस्व अनुभाग–2 दिनांक 17 दिसम्बर, 2012 के क्रम में तहसीलदार, ऊखीमठ द्वारा राजस्व ग्राम जग्गी बगवान की ज0वि0र0 खतौनी खाता सं0–36 के खसरा नम्बर 2244 कुल रकवा 1.635 हे0 मध्ये 1.635 हे0, खसरा नम्बर 2246 कुल रकवा 1.348 हे0 मध्ये 1.341 हे0, खसरा नम्बर 2270 कुल रकवा 3.684 हे0 मध्ये 1.276 हे0 कुल रकवा 4.252 हे0 चयनित भूमि उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग के नाम क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु हस्तान्तरित/ नामान्तरित एवं अमलदरामद करने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

दिनांक–17–03–2021

ह0/–
(मनुज गोयल)
जिलाधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

कार्यालय जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 2866 /छब्बीस–14 /2020–21/ दिनांकः रूद्रप्रयागः 19 मार्च, 2021

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अपर प्रमुख वन संरक्षक, नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्द्रानगर फॉरेस्ट कॉलोनी उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– सचिव, उत्तराखण्ड शासन, राजस्व अनुभाग–02, देहरादून।
3– अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–04, देहरादून।
4– आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तराखण्ड, देहरादून।
5– आयुक्त, गढवाल मण्डल पौड़ी।
6– उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।
7– उप जिलाधिकारी/तहसीलदार ऊखीमठ को उक्तानुसार कार्यवाही कर शीघ्र खतौनी की नकल इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।
8– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, ऊखीमठ।

ह0
अपर, जिलाधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

P.C Attested

सहायक अभियन्ता
निमार्ण खण्ड लो0 नि0 वि0
ऊखीमठ (रूद्रप्रयाग)